v.b. प्रभारी


# Dr. B. R. Ambedkar University of Social Sciences
(State University, Government of M.P.)
## डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय
(राज्य विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश शासन)


कमांक : ब्राउस/कुल./भंण्डार/वार्षिक रखरखाव/2025/785 दिनांक : 7 / 08 / 2025

प्रति,

.......................................................

आय.टी.सेल

.......................................................

विषय : आर.ओ. मशीन, एक्वागार्ड मशीन, वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड, एअर कुलर, वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड वाटर कुलर एवं एअर कंडीशंनिग (AC) के वार्षिक रख–रखाव हेतु दरें प्रस्तुत करने विषयक।

महोदय,

विश्वविद्यालय परिसर भवनो में स्थापित आर.ओ. मशीन, एक्वागार्ड मशीन, वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड, एअर कुलर, वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागाड, वाटर कुलर एअर कंडीशंनिग(AC) के वार्षिक रख–रखाव (**Annual Maintenance Contract**) हेतु सक्षम फर्मो से दरें (भाव–पत्र), विश्वविद्यालय में उपलब्धता अनुसार निर्धारित निविदा शर्तो के अन्तर्गत निम्नानुसार संख्या के अनुसार निविदा/दरे आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | केन्ट आर.ओ. मशीन | 05 |
| 2. | एक्वागार्ड क्लॉसिक मशीन | 04 |
| 3. | एक्वागार्ड इनबिल्ड वाटर कुलर | 01 |
| 4. | वोल्टाज वाटर कुलर 120/120 लिटर | 05 |
| 5. | वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड 120/120 लिटर | 01 |
| 6. | एअर कुलर गर्मी में उपयोग | 20 |
| 7. | एयर कंडीशंनिग स्प्लिट/विण्डो वोल्टाज | 40 नग स्प्लिट + 10 नग विण्डो |

निविदा की शर्ते विश्वविद्यालय शाखा पंजाब नैशनल बैक के विश्वविद्यालय खाते में राशि रु. 500/– जमा करके अथवा राशि रु. 500/–का डिमांड ड्राफ्ट कुलसचिव, डॉ. बी.आर.अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) नाम से विश्वविद्यालय कार्यालय समय में प्रस्तुत करके विश्वविद्यालय के भंण्डार में जमा कर प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक फर्म्स दरें (भाव–पत्र), समस्त कर सहित सीलबन्द लिफाफे में कुलसचिव, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर, (महू) के नाम से तथा लिफाफे के उपर "वार्षिक उपकरण रख–रखाव हेतु भावपत्र" अनिवार्य रुप से अंकित कर पंजीकृत डाक/स्पिड पोस्ट द्वारा दिनांक 27/8/2025 को सांय 5.30 बजे तक विश्वविद्यालय के पते पर पहुँच जाना चाहिए। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाली निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के निज सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय को सूचनार्थ।
2. वेबसाईट प्रभारी, आय.टी. विभाग, कि ओर सूचनार्थ वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

सहा. कुलसचिव


Dr. Ambedkar Nagar (Mhow)-453441 Dist-Indore (MP)
Phone No. : (07324) 273186(O), Fax : 273645

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय,डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) म.प्र.

कमांक : ब्राउस/वार्षिक रखरखाव/भंण्डार/2025/769 दिनांक : 6 /08/2025

## वार्षिक रखरखाव निविदा विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय परिसर भवनो में स्थापित आर.ओ. मशीन, एक्वागार्ड मशीन, वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड, एअर कुलर, वाटर कुलर एवं एअर कंडीशंनिग(AC) के वार्षिक रख–रखाव हेतु फर्मो एवं संस्थाओं से रेट कान्ट्रेक्ट के आधार पर वर्ष भर रिपेअरिंग कार्य किये जाने हेतु, निविदा प्रकाशित दिनांक से 21 दिवस के अंदर एक वर्ष के लिए दरे निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए निविदा की शर्ते कार्यालय से कार्यालयीन दिवस/समय में रुपये 500/– विश्वविद्यालय खाते में जमा अथवा डी.डी. कुलसचिव, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर(महू) के नाम विश्वविद्यालय के भण्डार विभाग में जमा कर निविदा कि सूची, प्राप्त की जा सकती है। अधिक जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट http://www.brauss.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

कुलसचिव

दैनिक भास्कर दिनांक 07/08/2025 में प्रकाशित
दिनांक से 21 दिन 27/08/2025 तक निविदा
आमंत्रित है।

# डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय,
## डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) म.प्र.

### विश्वविद्यालय के उपकरण वार्षिक रख–रखाव निविदा शर्ते एवं नियम।

1. ब्राउस में स्थापित आर.ओ. मशीन, एक्वागार्ड मशीन, वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड, वाटर कुलर वोल्टाज 120 लीटर, वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड, गर्मी का एअर कुलर, एवं एयर कंडीशंनिग(AC) आदि के वार्षिक रख–रखाव हेतु निविदा प्रपत्र/शर्ते राशि रु. 500/–विश्वविद्यालय परिसर में स्थित पंजाब नैशनल बैक ऑफ इंडिया, विश्वविद्यालय खाते में जमा कर अथवा 500/– का डी.डी. कुलसचिव, डॉ. बी.आर.अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) के नाम से तैयार कर भंण्डार विभाग में जमा कर निविदा प्रपत्र एवं शर्ते प्राप्त किया जा सकता है।

2. आर.ओ.मशीन, एक्वागार्ड मशीन, वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड, वाटर कुलर, वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड,एअर कुलर एवं एयर कंडीशनिग (AC) आदि के वार्षिक रखरखाव सुरक्षा निधि राशि रु. 5000/– का डिमांड ड्राफ्ट, कुलसचिव, डॉ. बी.आर.अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) के नाम से देय होगा।

3. निविदा स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से कुलसचिव, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) के नाम से विश्वविद्यालय में दिनांक ...................... सांय 5.30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेंगी।

4. डाक में होने वाले विलंब/गुमने/कटने–फटने पर विश्वविद्यालय का कोई उत्तरदायित्व नही रहेगा। निविदा में उपरी लेखन (Over Writing) एवं कांट–छांट मान्य नही होगी।

5. निविदा के लिफाफे पर "आर.ओ./एक्वागार्ड/वाटरकुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड, वाटर कुलर/वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड, एअर कुलर एवं एयर कंडीशंनिग (AC) आदि के वार्षिक रखरखाव बाबद" बडे अक्षरों में स्पष्ट रुप से लिखा जावें।

6. निविदा कर्ता अपनी फर्म के पतें के लिए कृपया वर्तमान वर्ष माह की संपत्तिकर /टेलिफोन बिल/विद्युत बिल/ आधार कार्ड/इसमें से कोई भी एक की प्रमाण–प्रति की छायाप्रति एवं पेन कार्ड नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रुप से संलग्न करें।

7. सेवा प्रदायकर्ता फर्म द्वारा आर.ओ. मशीन, एक्वागार्ड मशीन, वाटर कुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड, वाटर कुलर वोल्टाज 120 लिटर, एअर कुलर एवं एयर कंडीशनिंग (AC) आदि का संधारण कार्य व्यापक रूप में करना होगा। स्पेअर्स, पार्टस जलने एवं टूट–फुट से खराब होने वाले पार्टस का बदलाव (Replacement) सम्मिलित है।

8. आर.ओ./एक्वागार्ड/वाटरकुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड/वाटर कुलर/एयर कुलर/एयर कंडीशनिग (AC) आदि के रिपेअरींग कार्य के विगत 2 वर्षो से निरन्तर कार्य संपादन करने का कार्यानुभव होना आवश्यक है। आर.ओ./एक्वागार्ड/वाटरकुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड/वाटर कुलर/एअर कुलर/ एयर कंडीशनिग (AC) आदि के संधारण प्रति माह 15 तारीख को एक बार तथा किसी भी प्रकार की खराबी आने या आवश्यकता होने पर किसी भी समय सेवाएं प्रदान करना होगी।

9. आर.ओ./एक्वागार्ड/वाटरकुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड/वाटर कुलर/एअर कुलर/(AC) एयर कंडीशनिग आदि विश्वविद्यालय के परिसर के समस्त भवन में स्थापित को प्रति चार माह में सुचारू रूप से कार्य करने का प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय के भंण्डार विभाग में प्रस्तुत करना होगा।

10. आर.ओ./एक्वागार्ड/वाटरकुलर इन बिल्ड एक्वागार्ड/को चार–चार माह बाद कार्बन फिल्टर, वाटर फिल्टर बदली किया जाना होगा। वाटर कुलर, एअर कंडीशनिग का किसी भी प्रकार की खराबी या कंप्रेशर कार्य करना बंद करे तो रिपेअर योग्य होने पर रिपेअर करे अन्यथा नया बदली कर लगाना होगा।

11. संधारण हेतु दरें स्वीकृत होने एवं वार्षिक अनुबंध होने के पश्चात संबधित फर्म संधारण कार्य करने से मना करती है तो फर्म की जमा सुरक्षा राशि जप्त की जाकर फर्म को 5 वर्षो के लिए ब्लैक लिस्ट घोषित किया जा सकेगा।

12. निविदा में सफल पाई गई फर्म से प्रथमतः 1 वर्ष के लिए अनुबंध किया जावेगा। निविदाकार को अपने व्यय पर रू. 100 मूल्य के स्टाम्प पर (नोट राइजड) अनुबंध संपादित करना होगा। अनुबंध के पश्चात ही कार्यादेश प्रदाय किया जावेगा। अनुबंध पत्र अनुबंध सम्पादित होने की तिथि से 01 वर्ष तक लागू रहेगा तथा निविदा एवं अनुबंध की शर्तो के अनुसार अनुबंधग्रहिता का कार्य एवं सेवाए संतोषजनक होने पर दोनों पक्षों की सहमति से अनुबंध अवधि एक वर्ष एवं उसके पश्चात् छः माह के लिए बढाई जा सकेगी। निविदा स्वीकृत होने तक अभिकरण को स्वीकृत दर पर कार्य करना होगा। फर्म से अनुबंध की अवधि में मूल्य की कीमंत में वृद्दि को मान्य नही किया जावेगा।

13. स्वीकृत दर वाली फर्म की जमा सुरक्षा राशि अनुबंध अवधि पूर्ण होने के पश्चात् एक वर्ष की समयावधि में आवेदन प्रस्तुत करने पर नियमानुसार वापिस की जा सकेगी।

14. अस्वीकृत निविदाकर्ताओं को जमा सुरक्षा राशि वापिस लेने हेतु 1 वर्ष की समयावधि में आवेदन प्रस्तुत करना आवश्यक अन्यथा जमा सुरक्षा राशि जब्त (राजसात) हो जावेगी।

15. किसी भी फर्म की पूर्ण निविदा अथवा उसके किसी भी भाग को निरस्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय के मा. कुलगुरु को रहेगा।

16. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में मा. कुलगुरु के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया जावेगा तथा उनका निर्णय सर्वमान्य रहेगा। किसी भी प्रकार का न्यायालयीन विवाद उत्पन्न होने पर न्यायालयीन क्षेत्राधिकार डॉ. अम्बेडकर नगर (महू), इन्दौर होगा।

17. निविदा का लिफाफा चपडी लगाकर अथवा हस्ताक्षर उपरान्त सेलो टेप से सील करके प्रस्तुत करें जो निविदा सील्ड नहीं होगी उन्हें मान्य नहीं किया जाऐगा।

कुलसचिव